# विधानसभा में 2926.12 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट पारित

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में झारखंड विधानसभा में भाजपा के बहिर्गमन के बावजूद 2926.12 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित किया गया। विपक्षी भाजपा ने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के प्रारंभिक परीक्षा परिणामों में गड़बड़ी के विरोध में सदन से वाकआउट किया।

## प्रमुख बिंदु

- बजटीय आवंटन के अनुसार पेंशन मद में सर्वाधिक 620 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके बाद ऊर्जा विभाग के लिये 588 करोड़ रुपए, स्वास्थ्य विभाग के लिये 518 करोड़ रुपए तथा जल संसाधन विभाग के लिये 231 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।
- इसी प्रकार गृह कारागार और आपदा प्रबंधन विभाग के लिये 208 करोड़ रुपए, उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग के लिये 172 करोड़ रुपए तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के लिये 188 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/supplementary-budget-of-rs-2926-12-crore-passed-in-the-assembly